जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-42 | जयपुर, सोमवार, 13 नवम्बर, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## राजस्थान में वोटर्स की संख्या हुई 5 करोड़ 29 लाख से अधिक, 22 लाख 71 हजार से अधिक नव मतदाता पहली बार करेंगे मतदान

**जयुपर (हमारा वतन)।** राजस्थान में द्वारा मंगलवार को राज्य के सभी 200 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की एकीकृत फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन किया गया । मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए प्रदेश में कुल 5 करोड़ 29 लाख 31 हजार 152 मतदाता पंजीकृत हैं, इनमें से 2 करोड़ 74 लाख 74 हजार 849 पुरूष एवं 2करोड़ 53 लाख 13 हजार 458 महिला मतदाता सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि 18-19 साल के 22 लाख 71 हजार 647 नव मतदाता इस चुनाव में पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। थर्ड जेंडर के 624 मतदाता पंजीकृत हैं। 4 अक्टूबर को फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के बाद 27 अक्टूबर तक प्राप्त फॉर्म 6 एवं फॉर्म 8 के आवेदन पत्रों का निस्तारण करते हुए एकीकृत मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया गया है। मतदाता सूचियों में शत प्रतिशत मतदाताओं के फोटो मुद्रित हैं। उन्होंने बताया कि इस अवधि में 2 लाख 88 हजार 37 नाम मतदाता सूची में जोड़े गए। उन्होंने बताया कि एकीकृत मतदाता सूची में मतदाता और जनसंख्या अनुपात 652 है। इसी प्रकार, प्रति एक हजार पुरुष मतदाताओं पर 921 महिला मतदाता एकीकृत सूची में पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि एकीकृत मतदाता सूचियों के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जानकारी दी गई है। मतदाता सूचियो की सॉफ्ट कॉपी समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निशुल्क प्रदान करने के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। गौरतलब है कि 2018 के आम विधानसभा चुनावों में प्रदेश मे 4 करोड़ 77 लाख 89 हजार मतदाता थे। इनमें 2 करोड़ 49 लाख 61 हजार महिलाएं और 2 करोड़ 28 लाख 27 हजार महिला मतदाता थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एकीकृत मतदाता सूची में 80 वर्ष व इससे अधिक आयु के कुल 11 लाख 72 हजार 260 मतदाता एवं 100 वर्ष से अधिक आयु के कुल 16849 मतदाता पंजीकृत हैं।

इसी प्रकार से कुल 5 लाख 60 हजार 425 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से होम वोटिंग के विकल्प का चयन करने वाले मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से 15 नवम्बर से 19 नवम्बर तक मतदान कर सकेंग। विशेष मतदान दल इस दौरान ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान कराएंगे। जो मतदाता होम वोटिंग के पहले चरण के दौरान घर पर अनुपस्थित रहेंगे, उनके लिए 20 और 21 नवम्बर को विशेष मतदान दल दूसरी बार विजिट करेंगे 7 अनिवार्य सेवाओं से जुड़े मतदाताओं के लिए मतदान की तारीखें 19 नवम्बर से 21 नवम्बर तक तय की गई हैं।

## सुबोध पब्लिक स्कूल में साइबर-सुरक्षित दिवाली गतिविधि का हुआ आयोजन



**जयपुर (हमारा वतन)।** सुबोध पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा साइबर सुरक्षा की जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए साइबर-सुरक्षित दिवाली थीम पर एक गतिविधि का आयोजन किया गया। सुबोध पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दिवाली के इस त्योहार पर साइबर सुरक्षा के महत्व को जागरूक करने के एक महत्वपूर्ण संदेश दिए हैं। इस संदेश का हिस्सा बनने के लिए कोडर्ज और साइबर क्लब द्वारा एक साइबर-सुरक्षित दिवाली के थीम पर एक पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। कंप्यूटर विभाग के HOD सुनील नेहरा ने बताया कि छात्रों ने दिवाली की शुभकामनाओं के माध्यम से साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई। उन्होंने बताया कि छात्रों ने सुंदर पोस्टर बनाए हैं, जिनमें वे दिवाली की शुभकामनाओं के माध्यम से साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ा रहे हैं। इन पोस्टरों के माध्यम से छात्रों ने समाज को साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में सोचने पर मजबूर किया है। प्रिंसिपल कमलजीत यादव ने छात्रों की मेहनत की सराहना की और उनके संदेश को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह छात्रों के द्वारा किए गए इस प्रयास से साइबर सुरक्षा के महत्व को समझाने का महत्वपूर्ण काम किया।



## भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा को गांवों से जनसंपर्क में मिल रहा है अपार समर्थन

**जयपुर (हमारा वतन)** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौमूं से प्रत्याशी विधायक रामलाल शर्मा गुरुवार को पंचायतवार मीटिंग लेकर लोगों से जनसंपर्क किया। भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा के ग्राम में पहुँचने पर ग्रामवासियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया तथा ग्राम वासियों ने माला एवं साफ़ा पहनाकर भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। साथ ही ग्राम पंचायत कालाडेरा में कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों द्वारा 280 मीटर लंबा साफ़ा बंधवाकर स्वागत किया। इस दौरान बस स्टैंड टांकरडा, ठाकुर जी का मंदिर मुख्य चौक जयसिंहपुरा, भगवा चौक सीताराम का मंदिर कालाडेरा, कानरपुरा स्टैंड, मुख्य चौक सामुदायिक भवन घिनोई, तेजाजी का मंदिर के पास डोला का बास, मुख्य चौक मंडाभिड़ा, सेडमाता का मंदिर लौहरवाडा, सरकारी स्कूल के सामने वाला चौक अनंतपुरा चिमनपुरा, बस स्टैंड इटावा भोपजी, पंचायत भवन के सामने धोबलाई और बस स्टैंड पंचायत के सामने सिंगोदखुर्द में जन संपर्क किया। भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा ने कहा कि कर्ज़ माफ़ी का झूठा वादा करने वालो, युवाओं को बेरोज़गारी का झूठा वादा करने वालो, पेपरलीक कर युवाओं के साथ खिलवाड़ करने वाली और इस भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने अपने बूथ को मज़बूत करने के लिए कहा। साथ ही आमजन से 25 नवंबर को भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क में रामलाल शर्मा को फूलों से तौला गया है। इस मौक़े पर मंडल अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से की मुलाकात



**जयपुर (हमारा वतन)** महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के महामंत्री पूनमचंद कच्छावा ने बताया कि संस्थान का प्रतिनिधि मंडल राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से संस्थान के संरक्षक मांगीलाल पंवार एवं प्रदेश अध्यक्ष अनुभव चंदेल के नेतृत्व में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए संस्थान के पदाधिकारी के साथ मुलाकात की एवं संस्थान की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर चूरू से आशाराम सैनी, सुंदरमल सैनी नीमकाथाना, ताराचंद सैनी, राजकुमार दहिया, रामगोपाल सैनी सीकर, जय राम सैनी कोटपूतली, नंदकिशोर सैनी श्रीमाधोपुर, जुगल किशोर सैनी, उदय सिंह सैनी भरतपुर, गोपाल लाल सैनी भीलवाड़ा, इंद्राज सैनी एडवोकेट, तेजाराम सैनी अलवर, छोटू लाल मालाकार तिलोनिया केकड़ी, सीता भाटी, जयदीप सैनी कोटा, बद्री सैनी शाहपुरा, सुरेश सैनी रेलवे जयपुर, राम सिंह सोलंकी, लोकेश कुमार टॉक नागौर, प्रेमराज सोलंकी, बाबूलाल दगदी अजमेर, मोतीलाल सांखला फालना पाली, ओंकारमल सैनी, छुट्टन लालजी सैनी, ओम राजोरिया, डॉक्टर जी एल वर्मा, ज्ञानचंद सैनी जयपुर, जुगल किशोर सैनी, उदय सैनी भरतपुर , बद्री शाहपुरा आदि ने उपस्थित होकर समाज एवं संगठन की बात रखी सभी के साथ सामूहिक व व्यक्तिगत बातचीत हुई एवं सभी एक सुर में अशोक गहलोत के लिए जी-जान से पूरी मेहनत से चुनावों में जनता के बीच जाकर वोट माँग कर अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार पुनः बनाने की शपथ लेकर अपने-अपने कार्य व प्रभाव क्षेत्र में ज़िम्मेदारी लेकर रवाना हुए।

सभी देशवासियों को हमारा वतन समाचार पत्र की ओर से



दिवाली की शुभकामनाएं



# दिल्ली स्टेट कराटे चैंपियन लीग में जासमीन सैनी ने जीता सिल्वर मेडल




**नई दिल्ली (हमारा वतन)** देश की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित दिल्ली स्टेट कराटे चैंपियन लीग में जासमीन सैनी ने सिल्वर जीत कर गांव लादुवाश विधानसभा बानसूर का नाम रोशन किया है। जासमीन सैनी मूलचन्द सैनी की पौत्री हैं और जासमीन सैनी के पिता रामअवतार सैनी नर्सिंग अधिकारी जो वर्तमान में गरीब कल्याण योजना दिल्ली में नोडल अधिकारी के पद पर कार्यरत है। जासमीन सैनी का छोटा भाई समर सैनी दिल्ली में जोनल क्रिकेट खेलता है। मूलचन्द सैनी पेशे से किसान है जो समाज के सभी वर्गों के लिए प्रेरणादायी आदर्श है। आप सभी को जानकर खुशी होगी मूलचन्द सैनी की मेहनत परवरिश और सोच का ही परिणाम है की एक छोटे से गांव में जन्में किसान के बच्चे सुविधाओं के अभाव में भी राज्य में ही नहीं देश की राजधानी नई दिल्ली में भी अपना परचम लहराया रहे है। इनके परिवार के 19 सदस्य मेडिकल विभाग में डॉक्टर नर्सिंग अधिकारी है जो भारत सरकार राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा सरकार में अपना कर्तव्य निर्वाह कर रहे हैं ।

## एनसीईआरटी निदेशक दिनेश सकलानी को डॉक्टर सोनी ने किया पौधा उपहार में भेंट



**देहरादून (हमारा वतन)** पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन व पौधों को भावनाओ से जोड़ने के लिए फूलों के गुलदस्ता के बजाय पौधे को उपहार में देने के प्रेरणास्त्रोत पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान दिल्ली के निदेशक दिनेश सकलानी व राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड के निदेशक बंदना गबर्याल का सकलाना पट्टी के राइका पूजारगाव आगमन पर वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने पौधा उपहार में देकर उनका अभिनंदन व स्वागत किया। निदेशक एनसीईआरटी दिनेश सकलानी ने कहा मुझे गर्व है कि मैं ऐसे प्रकृति की गोद मे जन्मा हूं जहां चारों तरफ हरियाली ही हरियाली है। मैं इसी पूजारगाव का रहने वाला हूं। डॉ. सोनी का बहुत अच्छा प्रयास है जो उनके द्वारा पौधों को उपहार में देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। वहीं एससीईआरटी निदेशक बंदना गबर्याल ने डॉ. सोनी के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में सीईओ टिहरी शिवप्रसाद सेमवाल, सीआईईटी सीईओ सुधीर भटनागर, डायट टिहरी प्राचार्य राजेन्द्र डंडरियाल, राइका मरोड़ा के प्रधानाचार्य शरद चंद्र बडोनी, अटल उत्कृष्ट राइका पूजारगाव के प्रधानाचार्य अनिल बिष्ट, कुलदीप चौधरी, विनय धस्माना, अनिल हटवाल, सुधीर शर्मा, बबीता ऐठानी आदि उपस्थित रहे ।

## विधानसभा आम चुनाव- 2023, जयपुर के 19 विधानसभा क्षेत्रों में 199 प्रत्याशी

**जयपुर (हमारा वतन)** नाम निर्देशन पत्र वापसी की अंतिम तिथि के बाद जयपुर जिले में विधानसभा चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। जयपुर के 19 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 199 प्रत्याशी मैदान में हैं। सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 16 तो वहीं, दूदू




विधानसभा क्षेत्र में न्यूनतम 4 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाएंगे। गुरुवार को 46 प्रत्याशियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र वापस लिये। गौरतलब है कि बुधवार को भी 9 प्रत्याशियों ने अपने नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिये थे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से 9 प्रत्याशी, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से 11 प्रत्याशी, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से 6 प्रत्याशी, चौमूं से 9 प्रत्याशी, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से 8 प्रत्याशी, दूदू विधानसभा क्षेत्र से 4 प्रत्याशी, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से 18 प्रत्याशी, आमेर विधानसभा क्षेत्र से 15, जमवारागढ़ विधानसभा क्षेत्र से 8 प्रत्याशी, हवामहल विधानसभा क्षेत्र से 10 प्रत्याशी हैं। उन्होंने बताया कि विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से 13 प्रत्याशी, सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से 10 प्रत्याशी, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से 8 प्रत्याशी, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से 14 प्रत्याशी, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से 10 प्रत्याशी, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से 16 प्रत्याशी, बगरू विधानसभा क्षेत्र से 12 प्रत्याशी, बस्सी विधानसभा क्षेत्र से 13 प्रत्याशी, चाकसू विधानसभा क्षेत्र से 5 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाएंगे।

**कुल 55 प्रत्याशियों ने नामांकन लिया वापस** -आदर्श नगर एवं हवामहल विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक 8-8 प्रत्याशियों ने नामांकन वापसी की है। तो वहीं, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र एवं सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से 7-7 प्रत्याशियों ने, शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से 5, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र 4 प्रत्याशियों ने, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र एवं बस्सी विधानसभा क्षेत्र से 3-3 प्रत्याशियों ने तो वहीं, कोटपूतली, झोटवाड़ा, आमेर, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से 2-2 प्रत्याशियों ने, चौमूं विधानसभा क्षेत्र एवं विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र से एक-एक प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिया है। वहीं, फुलेरा, दूदू, जमवारामगढ़, बगरू एवं चाकसू से किसी भी उम्मीदवार ने नाम वापस नहीं लिया है।




## यूईएम जयपुर में अंग्रेजी भाषा अध्ययन में प्रगति पर दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

**जयुपर (हमारा वतन)** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर ने 3 से 4 नवंबर, 2023 को अंग्रेजी भाषा अध्ययन में प्रगति पर दो दिवसीय दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICAELS-2023) का आयोजन किया। सम्मेलन में दुनिया भर से मुख्य वक्ता शामिल हुए जिन्होंने डिजिटल प्रौद्योगिकी के साथ अंग्रेजी भाषा शिक्षा की पुनर्कल्पना विषय पर अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और दृष्टिकोण साझा किए। प्रो. डेविड डी. पेरोइडिन (यूएसए), प्रो. (डॉ.) दर्शन समरवीरा (श्रीलंका), प्रो. (डॉ.) लक्ष्मण गनावली (नेपाल), प्रो. (डॉ.) राजुल भार्गव (भारत), प्रतिष्ठित प्रोफेसर (डॉ.) जेडएन पाटिल (भारत), प्रो. (डॉ.) मसूद ए मलिक और प्रो. (डॉ.) शालिनी यादव और भारत के विभिन्न हिस्सों से अन्य प्रतिष्ठित विद्वानों ने सम्मिलित होकर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की शोभा बढ़ाई। उद्घाटन भाषण के दौरान, यूईएम जयपुर के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) सत्यजीत चक्रवर्ती ने इस बात पर जोर दिया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अंग्रेजी एक आवश्यक भाषा है और अंग्रेजी को बढ़ावा देने के साथ साथ स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं पर भी समान रूप से ध्यान देने की वकालत की। अंतरराष्टीय बातचीत में अंग्रेजी की महत्ता समझाते हुए यूईएम, जयपुर के प्रो-वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) सत्यजीत चक्रवर्ती ने छात्रों की रोजगार संभावनाओं को बढ़ाने के लिए अंग्रेजी भाषा के अध्ययन में प्रगति को समझने के महत्व पर जोर दिया। यूईएम जयपुर के कुलपति प्रो. (डॉ.) विश्वजॉय चटर्जी ने सम्मेलन की विशिष्टता पर जोर दिया, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी नवीनतम तकनीकों के संदर्भ में अंग्रेजी भाषा के अध्ययन की उन्नति पर केंद्रित रहा। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी को महज एक संचार उपकरण से अधिक देखा जाना चाहिए, विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोग पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। प्रो. (डॉ.) विश्वजॉय चटर्जी ने 150 से अधिक प्रतिभागियों के साथ कई उदाहरण और अंतर्दृष्टि साझा कीं, जिनमें भौतिक और आभासी दोनों प्रकार के उपस्थित लोग शामिल थे। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) विश्वजॉय चटर्जी, कुलपति, यूईएम जयपुर, प्रो. (डॉ.) प्रदीप कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार, यूईएम जयपुर, और प्रो. (डॉ.) अनिरुद्ध मुखर्जी, डीन-एकेडमिक्स, यूईएम जयपुर ने सम्मेलन में आए गणमान्य व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका हार्दिक स्वागत किया। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में दुनिया भर से 300 से अधिक शोध लेखों के साथ बड़ी संख्या में प्रस्तुतियाँ प्राप्त हुईं। एक कठोर चयन प्रक्रिया के कारण 70 से अधिक पेपर स्वीकार किए गए। इन चयनित कार्यों को दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान अंग्रेजी भाषा के क्षेत्र में सम्मानित प्रोफेसरों के सामने प्रस्तुत किया गया। पेपर प्रस्तुतकर्ता भारत, नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका से थे। सम्मेलन के संयोजक, प्रोफेसर (डॉ.) मुकेश यादव ने बताया कि ICAELS-2023 सम्मेलन ने अपना उद्देश्य को सफलतापूर्वक अर्जित किया। इस सम्मेलन ने दुनिया भर के विद्वानों, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों को अपनी अंतर्दृष्टि, शोध निष्कर्ष साझा करने और संलग्न होने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, सम्मेलन ने ज्ञान के दीर्घकालिक आदान-प्रदान और शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में सुधार के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग की खोज को प्रोत्साहित किया। सम्मेलन का समापन सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्रों की प्रस्तुति के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ पेपर की मान्यता के साथ हुआ, जिसने उत्कृष्ट सामग्री और अनुसंधान-उन्मुख दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया। प्रो. (डॉ.) स्नेहलता ढाका, प्रो. के.वी. कुरिओकोस, प्रो. दीप्ता मुखर्जी, प्रो. कृष्ण कुमार शर्मा, प्रो. शिवानी सैनी, प्रो. संचारी बसाक, प्रो. शिवम चौहान, प्रोफेसर अंकित शर्मा, प्रोफेसर आशुतोष कुमार झा, प्रो. कृष्णा कुमार शर्मा, विष्णु शर्मा, सौरभ चक्रवर्ती, सुकुमार चक्रवर्ती, श्याम लाल, साथ ही राजू, श्रीराम और जय सम्मेलन में उपस्थित विशिष्ट लोगों में से थे। सम्मेलन के अंत में प्रो. (डॉ) अनिरुद्ध मुखर्जी, डीन अकेडमिक्स, यूईएम, जयपुर ने सभी अतिथियों एवं शोध प्रस्तुतकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## ये तारीफ

तारीफ नाम एक, पर प्रभाव अनेक
किसी की यह प्रतिभा बढ़ाती है
तो किसी की प्रतिभा डुबाती है
किसी को आगे बढा देती है
तो किसी को पीछे छोड़ देती है
किसी को सुनकर तसल्ली हो जाती है
और हौसला बढ़ाती है
तो किसी को अहंकार भी सिखाती है।
तारीफ ये सबकुछ करवाती है
इंसान का भेद भी खुलवाती है।
तारीफ इंसान को सम्मान और मान भी
दिलाती है
आंखों में आसूं भी लाती है
खुशियों से झूमना भी सीखाती है
तो सपनों में जन्नत भी दिखाती है।
तारीफ सुधारती भी है
तो किसी को बिगाड़ती भी है।

**-पूजा गाडिया लोहार, पिपलिया**



## प्रकाश पर्व

दीपों की रोशनी सजी है हर द्वार,
प्रकाश पर्व दिवाली का है आया
दीपों से हर कोना हुआ रोशन
अब हर गली भी है खुशियों भरी
इस दीवाली मन के मैल धो डालें
आपस में सद्भावना से सब गले मिले
दीपों से जग-मग हो आज हर मन
लक्ष्मी-गणेश का आगमन है यह खास,
धन-धान्य से भरा रहे हर घर
सुख -शांति फैले चारों और
पटाखों की बौछारें
मिठाई की खुशबू,
बच्चों की हँसी
आपसी प्यार और
खुशियों का मेल,
यही है दीवाली का त्योहार
इस दिवाली के त्योहार में
हम सब मिलकर साझा करें
खुशियों के पल अनमोल
दीपों की रोशनी सजी है हर द्वार
प्रकाश पर्व दीवाली का है आया

**-डॉ. योगिता जोशी,जयपुर**




## जॉब्स-

1. राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, पद लॉ ऑफिसर, जूनियर साइंटिफिक ऑफिसर व अन्य, पद संख्या 114, अंतिम तिथि 17 नवंबर 2023
2. इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 1720, अंतिम तिथि 20 नवंबर 2023
3. यूकेएसएसएससी, पद ग्रेजुएट लेवल पोस्ट, पद संख्या 229, अंतिम तिथि 23 नवंबर 2023
4. असम राइफल्स, पद टेक्निकल और ट्रेड्समैन, पद संख्या 161, अंतिम तिथि 19 नवंबर 20235. बिहार पुलिस, पद एसआई, पद संख्या 64, अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2023
6. नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड, पद मैनेजमेंट ट्रेनि और अकाउंट अस्सिटेंट, पद संख्या 89, अंतिम तिथि 1 दिसंबर 2023
7. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया, पद जूनियर एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 496, अंतिम तिथि 30 नवंबर 2023
8. एम्स देवघर,पद हॉस्पिटल अटेंडेंट व अन्य, पद संख्या 91, अंतिम तिथि 16 नवंबर 2023




# सारा अली खान ने बताई अपने निकले पेट की कहानी, बोलीं- फोटो दिखाने में झिझक रही थी

सारा अली खान अपनी फिटनेस के लिए अक्सर चर्चा में रहती हैं। उनकी फैट टु फिट जर्नी के बारे में ज्यादातर लोग जानते हैं। अब उन्होंने एक इंट्रेस्टिंग पोस्ट किया है। इसमें दिखाया है कि वकेशन के दौरान खा-पीकर उनका पेट निकल आया था। साथ में कैप्शन दिया है कि 2 हफ्ते मेहनत करके वापस शेप में आ गईं। सारा ने अपनी रीसेंट तस्वीरें भी शेयर की हैं।



**हॉलीडे पर बढ़ी चर्बी**-सारा अली खान मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में गजब ढा रही थीं। उनके फोटोज सोशल मीडिया यूजर्स ने काफी पसंद किए। पार्टी के बाद सारा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक राज खोला है। उन्होंने बताया कि 2 हफ्ते पहले उनका पेट निकला हुआ था। मेहनत के दम पर वह वापस शेप में आ गईं। सारा ने पोस्ट में लिखा है, ईमानदारी से कहूं तो यह इमेज अपलोड करने में बहुत असहज हो रही थी लेकिन गर्व है कि 2 हफ्ते में इसे ठीक कर लिया। वजन की समस्या हमेशा मेरे लिए स्ट्रगल रही है। बाय-बाय हॉलीडे कैलोरीज सबसे जरूरी आत्मग्लानि से मुक्ति मिल गई। फिटनेस एक जर्नी है तो चलना जारी रखें। **घटा चुकी हैं वजन सारा**-सारा अली खान को पीसीओएस की समस्या रही है। ग्लैमर इंडस्ट्री में आने से पहले वह खूब जंक फूड खाती थीं। कई इंटरव्यूज में सारा बता चुकी हैं कि उनका वजन 96 किलो था। अपनी डायट में बदलाव करके और एक्सरसाइज की मदद से सारा ने वजन कम किया था। सारा बीते दिनों केदारनाथ गई थीं। अपने हॉलिडेज के दौरान वह खूब खाती-पीती हैं। उनकी रील्स में भी इसकी झलक मिली थी।

# ऐश्वर्या राय की ट्रोलिंग पर ऋचा चड्ढा का करारा जवाब, कहा- कद्दू जैसी शक्ल...



बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा अपनी एक्टिंग के साथ ही साथ अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। ऋचा चड्ढा अपने बेबाक अंदाज से लोगों की बोलती बंद कर देती हैं और अक्सर ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब देती हैं। कुछ वक्त पहले ऐश्वर्या राय बच्चन को उनके पेरिस फैशन लुक की वजह से ट्रोल किया गया। ऐसे में अब ऋचा चड्ढा ने ऐश्वर्या के सपोर्ट मे अपनी बात रखी और ट्रोल्स को करारा जवाब दिया। ऋचा चड्ढा ने कहा कि लोग ऐश्वर्या से जलते हैं।

**ऐश्वर्या की ट्रोलिंग पर बोलीं ऋचा**-हाल ही में ऋचा चड्ढा ने जिस्ट संग बातचीत की और उस दौरान उनसे एक सवाल पूछा गया कि कुछ वक्त पहले पेरिस फैशन वीक से ऐश्वर्या राय बच्चन की तस्वीरें सामने आई थीं, जिन पर उन्हें काफी ट्रोल किया गया था। सवाल खत्म होने से पहले ही ऋचा ने कहा, जलते हैं लोग उनसे... और क्या कद्दू जैसी शक्ल लेके। सबसे खूबसूरत महिला हैं वो हिन्दुस्तान की हिस्ट्री की आज तक की.. उन में बहुत डिसिप्लिन है.. वो बहुत ग्रेसफुल हैं। कभी किसी की बिचिंग नहीं करती हैं, किसी के लिए कुछ खराब नहीं कहतीं।

**बहुत शरीफ हैं वो**..ऋचा आगे कहती हैं, बहुत शरीफ हैं वो.. साउथ इंडियन मेंटेलिटी की घर की.. दही-चावल खाने वाले घर की इसके बाद सवाल पूरा करते हुए पूछा गया कि ट्रोल से कैसे डील करते हैं? सवाल पर ऋचा ने कहा, क्यों डील करना है तुम्हें भाई? चंडीगढ़ में बैठकर चिंटू क्या सोच रहा है? उससे क्या फर्क करता है? चिंटू सामने आया तो उसे चपरासी तक नहीं रखेगा कोई। पहले मुझे फर्क लगता था कि कोई कैसे बोल सकता है, लेकिन अब समझ आया है कि बोल सकता है। लोग नाखुश हैं अपनी जिंदगी से। लोग जलते हैं ऐश्वर्या राय से।

# रश्मिका से पहले इन एक्टर्स की फेक फोटोज, वीडियोज हो चुके वायरल, मोना सिंह के एमएमएस ने मचा दिया था हड़कंप

रश्मिका मंदाना का हाल ही में फेक वीडियो वायरल हुआ जिसे देखकर ना सिर्फ फैंस बल्कि एक्ट्रेस भी हैरान हैं। एक्ट्रेस ने इसके खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है। वैसे बता दें कि रश्मिका से पहले भी कई एक्ट्रेसेस इसका शिकार हुए हैं। कई बार एक्टर्स की फेक फोटोज, वीडियोज यहां तक की एमएमएस भी वायरल हुए हैं। बड़े से बड़ा स्टार्स तक इससे नहीं बच पाए हैं।

**रश्मिका-विजय की फेक फोटो**-कुछ समय पहले ही रश्मिका की विजय देवरकोंडा के साथ फेक फोटो वायरल हुई थी। उस फोटो में दोनों को वेडिंग आउटफिट में दिखाया गया था और कहा जा रहा था कि दोनों ने शादी कर ली है।

**मोना सिंह का फेक एमएमएस**-मोना सिंह का फेक एमएमएस वीडियो वायरल हुआ था। उस समय मोना टीवी शो क्या हुआ तेरा वादा में काम कर रही थीं। एक्ट्रेस को जैसे ही इस बारे में पता चला उन्होंने तुरंत पुलिस से शिकायत की। इस बारे में बात करते हुए मोना ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में कहा था, ये बहुत ही गलत चीज है कि आप किसी की बॉडी पर, किसी दूसरे का चेहरा लगाओ। अगर ये मेरे साथ हो सकता है तो ये किसी भी दूसरी लड़की के साथ हो सकता है। अच्छी बात यह है कि मैं सेलिब्रिटी हूं और इस बारे में बात कर सकती हूं।

# नार्सिसिस्टिक गैसलाइटिंग क्या है? संकेत जो ये बताते है कि ये आपके साथ हो रहा है



हाल के वर्षों में, रिश्तों और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बातचीत में नार्सिसिस्टिक और गैसलाइटिंग शब्द तेजी से प्रचलित हो गए हैं। लेकिन नार्सिसिस्टिक गैसलाइटिंग वास्तव में क्या है, और यह कैसे किसी रिश्ते को प्रभावित करती है।सोशल मीडिया और डेटिंग एप्स के आने के बाद कई तरह के टर्म प्रचलन में आए है जैसे रेड फ्लैग, ग्रीन फ्लैग, ओपन रिलेशनशिप, कैज्युल और अब एक और टर्म है नार्सिसिस्टक गैसलाइटिंग। इन सब शब्दों के आने के बाद प्यार के मायने ही बदल गए है। अब लोग प्यार करते समय कई बातों पर ध्यान देते है। ये ध्यान देना भी चाहिए क्योंकि अगर आप किसी के साथ जीवन भर रहना चाहते है तो आपको अपने आप को स्वतंत्र रखने के लिए पार्टनर को जानना जरूरी है। क्योंकि कई बार आप अपने पार्टन पर इतना निर्भर हो जाते है कि आप उनसे मैनिपुलेट होने लगते है।गैसलाइटिंग नार्सिसिस्ट नार्सिसिस्टिक व्यक्तित्व के लक्षणों वाला एक व्यक्ति है जो दूसरों के मन में संदेह पैदा करने के लिए मैनिपुलेटिव रणनीति का उपयोग करता है, उन्हें उनकी विवेकशीलता और वास्तविकता पर सवाल उठाने के लिए मजबूत करता है। साइकोलॉजिकल मैनिपुलेशन के इस रूप को नार्सिसिस्टिक गैसलाइटिंग कहा जाता है।

**चलिए पहले समझते है नार्सिसिस्टिक व्यक्तित्व क्या होता है**-सीनियर क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव बताते है कि नार्सिसिस्ट व्यक्तित्व को एक डिसऑर्डर के रूप में माना जाता है। नार्सिसिस्टिक पर्सनैलिटी डिसऑर्डर (एनपीडी) एक ऐसी मानसिक स्वास्थ्य स्थिति है जिसमें व्यक्ति खुद के लिए महत्व, अपनी तारिफ करता है और दूसरों के लिए कम संवेदनशील होता है। नार्सिसिस्ट व्यक्ति चाहता है कि वो आकर्षण का केंद्र बने।नार्सिसिस्ट को लगता है कि वह सबसे श्रेठ मान लेता है। उन लोगों में कॉन्फिडेंस होता है लेकिन वे दूसरों से भी अपने बारे में अच्छा ही सुनना चाहते है। कोई अगर उनका किसी में बात में विरोध करें तो वे सुन नहीं पाते है। नार्सिसिस्ट लोगों की अलग ही एक दुनिया होती है।

**गैस्लाइटिंग क्या है**-गैसलाइटिंग तब होती है जब कोई आपको यह समझाने की कोशिश करता है कि उनकी वास्तविकता वास्तविक है और आपकी नहीं। यह नियंत्रण और मैनिपुलेटिव जैसा महसूस करा सकता है। ये सामने वाला व्यक्ति के हित में होता है। इसमें आप ये महसूस कर सकती है कि सामने वाला व्यक्ति हमेशा सही होता है और आप हमेशा गलत होते है। **क्या होता है नार्सिसिस्टक गैसलाइटिंग रिलेशनशिप**-रिश्तों में नार्सिसिस्ट गैसलाइटिंग अपने पार्टनर पर नियंत्रण बनाए रखने और भय और भ्रम का माहौल बनाने की एक आम रणनीति है।



# लोगों से मिलने-जुलने में घबराहट महसूस होना है सोशल एंग्जाइटी का लक्षण, समय रहते करें इससे डील

घर की चाहरदीवारी में बंद रह के खुद को कम्फर्टेबल फील करने वाले इस तरह के लोग सोशल फोबिया या सोशल एंग्जायटी नामक बीमारी से पीड़ित होते हैइंटरनेट की दुनिया में भले ही आप सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव न रहती हों, लेकिन सोशल लाइफ में एक्टिव रहना बेहद जरूरी है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति को 'सोसेलाइजेशन' करने के लिए भी अलग से समय निकालना पड़ता है। लेकिन वहीं, कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें लोगों से घुलना-मिलना और उनसे बात करने में घबराहट होती है या डर लगता है।घर की चाहरदीवारी में बंद रह के खुद को कम्फर्टेबल फील करने वाले इस तरह के लोग 'सोशल फोबिया' या 'सोशल एंग्जायटी नामक बीमारी से पीड़ित होते है। सोशल एंग्जायटी को मात्र एक साधारण समस्या समझ के छोड़ने वाले लोगों के लिए यह जानना बेहद आवश्यक है कि यह मात्र एक समस्या नहीं बल्कि एक बहुत बड़ी बीमारी है।जर्नल ऑफ एंग्जाइटी डिसऑर्डर की एक रिपोर्ट के अनुसार, सोशल एंग्जायटी डिसऑर्डर टॉप 3 मानसिक बीमारियों में आता है। साथ ही रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि दुनिया भर में कुल 7 प्रतिशत लोग 'सोशल एंजायटी डिसऑर्डर' से पीड़ित है। वहीं, यदि आपको या आपके आस-पास किसी को 'सोशल एंग्जायटी' की समस्या हैं, तो उसे ठीक करना संभव है।

**सबसे पहले जानिए क्या होती है 'सोशल एंग्जायटी'** ?

सोशल एंग्जायटी पर काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट और साइकोथेरेपिस्ट चारवी जैन बताती हैं कि, सोशल एंग्जायटी एक तरह का सामाजिक भय है, जिसमें व्यक्ति लोगों से बात करने या उनसे मिलने पर घबराता है और उस स्थिति से संबंधित नकारात्मक अतार्किक चीजें सोच लेता है, जिसके कारण व्यक्ति को पब्लिक में खुद को एक्सप्रेस करना चुनौतीपूर्ण लगता है , और उसकी सोशल लाइफ प्रभावित होती है। आम भाषा में समझें तो 'सोशल एंग्जायटी' एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति सामाजिक तौर पर खुद को व्यक्त करने में सक्षम नहीं होता और सोशल सर्किल में आने के कारण उसे शारीरिक और मानसिक रूप से परेशानी होने लगती है। जिसके कारण व्यक्ति तमाम लोगों से दूर होकर, अकेले ही समय बिताना उचित समझता है।

**क्या होते है 'सोशल एंग्जायटी' के लक्षण ?** सोशल एंग्जायटी के लक्षण के बारे में साइकोथेरेपिस्ट बतातीं हैं कि ,ऐसे कई कारण हैं, जिनसे आप समझ सकती हैं कि आप सोशल एंग्जायटी से पीड़ित है।सोशल एंग्जायटी से ग्रस्त व्यक्ति किसी ग्रुप के सामने या कोई प्रेजेंटेशन देते वक्त बहुत डरता है ।

# घुटनों में लुब्रिकेशन की कमी है बहुत सारी समस्याओं का कारण,जानिए इससे कैसे बचना है

घुटने में लुब्रिकेशन की कमी के कारण घुटने से कट-कट की आवाज आती है। घुटने सूज जाते हैं और दर्द भी करता है। एक्सपर्ट बताते हैं कि लुब्रिकेशन लाने वाले सिनोवियल फ्लूइड को उपचार के माध्यम से बढ़ाया भी जा सकता है।कभी-



कभी घुटने से चटकने की आवाज आती है। कभी जकड़न महसूस हो सकता है या भी घुटने या जोड़ में दर्द की अनुभूति भी हो सकती है। बाहरी तौर पर इसे ठीक करने के काफी प्रयास करते हैं। पर यह नहीं हो पाता है। ऐसा घुटनों के बीच लुब्रीकेंट्स की कमी के कारण हो सकता है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। एक्सपर्ट बताते हैं कि यह सायनोवियल फ्लूइड में कमी के कारण हो सकता है। यदि लुब्रीकेशन का सही समय पर इलाज नहीं किया जाता है, तो यह घुटने के ऑस्टियोआर्थराइटिस का कारण बन सकता है। लुब्रीकेशन के घटने का कारण जानने से पहले जानते हैं क्या है सिनोवियल फ्लूइड?

**क्या है सिनोवियल फ्लूइड**-एमीकेयर अस्पताल में जॉइंट रिप्लेसमेंट-आर्थ्रोस्कोपी और स्पोर्ट्स इंजरी एक्सपर्ट डॉ.हिमांशु गुप्ता बताते हैं , 'सिनोवियल फ्लूइड या श्लेष द्रव या जॉइंट फ्लूइड फ्रिक्शन को कम करने के लिए घुटने के जोड़ में स्नेहक या लुब्रीकेंट के रूप में कार्य करता है। इसकी कंसिस्टेंसी थिक होती है। यह चिपचिपी भी होता है। यह शॉक एब्जोर्बर के रूप में काम करता है। यह हमरे शरीर को गति प्रदान करता है।

**जॉइंट पर दबाव कम करता है**-इसके कारण ही उठना, बैठना या खड़ा होना सहजता से किया जा सकता है। सिनोवियल फ्लूइड नी जॉइंट पर दबाव भी कम करता है। यह चलने या दौड़ने के दौरान हड्डी की सतह के सिरों को मुलायम भी बनाता है।सिनोवियल फ्लूइड जोड़ के भीतर लुब्रीकेंट और कुशन के रूप में कार्य करता है। यह घर्षण को कम करने और गति में सुधार करने में मदद करता है।'

**क्यों घट जाता है लुब्रीकेशन** -डॉ.हिमांशु गुप्ता बताते हैं , जब सिनोवियल फ्लूइड बहुत गाढ़ा या बहुत पतला हो जाता है, तो यह जोड़ों की सुरक्षा के लिए सही चिकनाई प्रदान नहीं कर पाता है। इससे कार्टिलेज डैमेज और ऑस्टियोआर्थराइटिस हो सकता है। सिनोवियल फ्लूइड में परिवर्तन हर उम्र के लोगों के लिए दर्द का कारण बनता है। सिनोवियल ओस्टियोकोन्ड्रोमैटोसिस एक दुर्लभ स्थिति है, जो आमतौर पर घुटनों को प्रभावित करती है।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# केरल की सियासत में फलस्तीनी पेच

पिछले हफ्ते केरल की राजनीति उस वक्त गरम हो गई, जब राज्य के मुख्यमंत्री पी विजयन के नेतृत्व में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने गाजा पर इजरायली बमबारी के खिलाफ दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन किया। इसने केरल स्थित इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को इस कदर चोट पहुंचाई कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के साथ उसका अरसे से चला आ रहा साथ करीब-करीब छूटने लगा। हमें अब इस बात का एहसास है कि सियासी दल अपनी घरेलू राजनीति को धार देने के लिए अंतरराष्ट्रीय व विदेश से जुड़े मुद्दों का एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। मगर इसे इस मोड़ तक क्यों जाना चाहिए कि केरल में लंबे समय से चला आ रहा गठबंधन भी टूट जाए। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट का गठन 1979 में पूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्री के करुणाकरण ने तत्कालीन लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) सरकार का विरोध करने के लिए किया था। तब से दोनों गठबंधन बारी-बारी से राज्य की सत्ता पर काबिज होता आया है। फलस्तीन के सवाल पर भी दोनों मोर्चे समान धरातल पर रहे हैं, लेकिन फिलहाल दोनों विचार-विमर्श की मुद्रा अपनाए हुए हैं। केरल पर किसी अंतरराष्ट्रीय मसले का प्रभाव क्यों आसानी से पड़ता है, इसके दो कारक हैं। पहला, इस राज्य की अनूठी जनसांख्यिकीय, और दूसरा, सूबे की राजनीति का चरित्र, जिसमें दोनों गठबंधन अपने घटक दलों की संवेदनशीलता का ध्यान रखते हैं, फिर चाहे वे छोटे दल ही क्यों न हों। केरल में करीब 25 फीसदी मुस्लिम व 20 प्रतिशत ईसाई बसते हैं। बहुसंख्यकवाद यहां कोई मुद्दा नहीं है।फिलहाल एलडीएफ और यूडीएफ का आपसी सामंजस्य करीब-करीब खत्म होता दिख रहा है, क्योंकि आईयूएमएल फलस्तीन मसले पर उलझन में दिखी है। पारंपरिक रूप से कांग्रेस के साथ ही आईयूएमएल भी फलस्तीन मसले पर समर्थन करती रही है।



राम गोपाल सैनी

# झोटवाड़ा से बीजेपी के बागी राजपाल ने वापस लिया नाम



जयपुर (नि.सं.)। विधानसभा चुनाव में आज नाम वापसी का आखिरी दिन रहा। झोटवाड़ा विधानसभा सीट पर बागी राजपाल सिंह शेखावत ने नाम वापस लेने की घोषणा कर दी है। इसके बाद उनके समर्थक नामांकन वापस लेने पहुंचे। दूसरी तरफ बीजेपी के बागी सिविल लाइन से रणजीत सिंह सोडाला ने नाम वापस लिया है। जयपुर शहर की चार सीटों से बीएसपी के प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिया है। सांगानेर से बीएसपी प्रत्याशी रामलाल चौधरी ने भी नामांकन वापस लिया। चौधरी ने कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज को समर्थन देते हुए नाम वापस लिया है। वहीं, आदर्श नगर से बीएसपी प्रत्याशी हसन राजा ने भी लिया नाम वापस ले लिया है। हवामहल से बीएसपी प्रत्याशी तरुषा पाराशर ने नाम वापस लिया है। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी बालमुकुंद आचार्य भी मौजूद रहे। वहीं, सिविल लाइन से बसपा से अरुण चतुर्वेदी ने नामांकन वापस ले लिया है। विष्णु प्रताप सिंह ने विद्याधर नगर से नाम वापस ले लिया है। वे बीजेपी से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे थे। वहीं, सिविल लाइन से निर्दलीय दिनेश सैनी, किशोरी लाल ने भी नाम वापस लिया है।

## मतदान गीत

मतदान करेंगे हम ,मतदान कराएंगे,
जन जन को जागृत कर
लोकतंत्र सजाएंगे,
चुनाव जो आया है मतदान कराएंगे।
भारत की महिमा को
विश्व गुरु बनाएंगे
हर इक इक जन जन को हम
सब बूथ पे लायेंगे।
मतदान करेंगे हम ,मतदान कराएंगे ।
चुनाव जो आया है मतदान कराएंगे।
लेकर के शपथ हम सब
शांति और अहिंसा की ,
गुणगान करेंगे सब
भारत के इलेक्शन की,
हर जन के मन में हम
देश प्रेम जगाएंगे ।
मतदान करेंगे हम ,मतदान कराएंगे ।
चुनाव जो आया है मतदान कराएंगे।
एकता की बन शक्ति
हम घर घर जायेंगे ,
सौ फीसद मतदान कर
कीर्तिमान बनायेंगे,
चुनाव जो आया है मतदान कराएंगे,
इलेक्शन आया है मतदान कराएंगे।



-राजेन्द्र आचार्य राजन
भवानीमंडी

# राज्यवर्धन राठौड़ ने निभाई भूमिका



जयपुर(नि.सं.)। झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी ने कांग्रेस के किले में सेंधमारी की है। भारतीय जनता पार्टी के झोटवाड़ा से बीजेपी प्रत्याशी कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ ने गुरूवार को झोटवाड़ा निवासी पार्षद राजू खंडेलवाल और उनके साथियों को भाजपा में शामिल करवाया है। वहीं पूर्व मंत्री लालचन्द कटारिया के नजदीकी माने जाने वाले गोपाल वर्मा ने भी अपने साथियों साथ कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। ग्राम पंचायत रामसिंहपुरा के पूर्व सरपंच जितेंद्र सिंह भाटी ने अपनी पूरी टीम के साथ कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। कर्नल राठौड़ ने कांग्रेस से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को माला और भगवा दुपट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल करते हुए कहा कि लोग कांग्रेस की रीति-नीति से परेशान हो चुके है। कई वर्षों तक कांग्रेस की सेवा में रहे नेता और कार्यकर्ता भी भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यप्रणाली से प्रेरित होकर भाजपा का दामन थाम रहे है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के सहयोग और समर्थन से भाजपा संगठन को अधिक मजबूती और आगामी चुनाव में प्रचंड विजय मिलेगी।

राजस्थान आदिम जाति सेवक संघ
14 नवम्बर स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संघ के उत्पादन एवं बिक्री केंद्रों की सूची
1.खादी ग्रामोद्योग भंडार, झालाना डूंगरी संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर
2. खादी ग्रामोद्योग भंडार, 249, इंदिरा बाजार जयपुर
3. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बांसवाड़ा रोड, प्रतापगढ़
4. खादी ग्रामोद्योग भंडार, स्टेशन रोड, चित्तौड़गढ़
5. खादी ग्रामोद्योग भवन, हिरण मगरी, उदयपुर
6. खादी ग्रामोद्योग भंडार, नाडाखाडा, बापू बाजार, उदयपुर
7. खादी ग्रामोद्योग भंडार, सुखेर, उदयपुर
8. खादी ग्रामोद्योग भंडार, सलूंबर, जिला-उदयपुर
9. खादी ग्रामोद्योग भंडार एवं उत्पत्ति केंद्र सेमारी, जिला-उदयपुर
10. खादी ग्रामोद्योग भंडार एवं उत्पत्ति केंद्र, चावंड, जिला-उदयपुर
11. खादी ग्रामोद्योग भंडार, ऋषभदेव, जिला-उदयपुर
12. खादी ग्रामोद्योग भंडार, पिंडवाड़ा ,जिला-सिरोही
13. खादी ग्रामोद्योग भंडार एवं उत्पत्ति केंद्र, शाहाबाद, जिला-बारां
14. खादी ग्रामोद्योग भंडार एवं उत्पत्ति केंद्र, मांगरोल, जिला- बारां
15. खादी ग्रामोद्योग भंडार, पीलीकोठी, बारां
16. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बूंदी
17. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बीकानेर
18. खादी ग्रामोद्योग भंडार एवं उत्पत्ति केंद्र, बड़ी सादड़ी, जिला-चित्तौड़गढ़
19. खादी वस्त्रागार, जयपुर
20. खादी वस्त्रागार, उदयपुर
21. ऊनी खादी वस्त्रागार, बीकानेर
खादी भारत Khadi India
लक्ष्मी नारायण पंड्या (अध्यक्ष)
निर्मला सहरिया (विधायक), राजेंद्र अग्रवाल - उपाध्यक्ष
डॉ. अवध प्रसाद- कोषाध्यक्ष
शंकरलाल अहारी (पूर्व विधायक), भुवनेश शर्मा गौड़- मंत्री
पता - प्लॉट नंबर 2, झालाना औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर 302004
फ़ोन : +911412703321/ फैक्स: +911412704438
E mail: info@rajss.org/ Website: www.rajss.org

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
Monika Printers
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU !
थाना मोड़, चौमूँ
फ्लेक्स/विनायल
ऑफसेट प्रिन्टिंग
पोस्टर / पम्पलेट
बिल–बुक
लेटर हेड
शादी कार्ड
सवामणी कार्ड
स्क्रीन प्रिन्टिंग
विजिटिंग कार्ड
आई – कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा